प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–22.07.2023 (सं0–351)

मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र में हुई घटना का अद्यतन।

- दिनांक 21.07.2023 की रात्रि में मुजफ्फरपुर जिले के नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात अपराधियों के द्वारा की गई गोलीबारी की घटना में 1. प्रोपर्टी डीलर आशुतोष शाही 2. निजामुद्दीन (निजी अंगरक्षक) 3. राहुल (निजी अंगरक्षक) की मृत्यु हो गई हैं तथा दो व्यक्ति 1. सैयद कासिम हुसैन (एडवोकेट) 2. ओमनाथ उर्फ ओमप्रकाश सिंह (निजी अंगरक्षक) गोली लगने से घायल हो गये हैं।

- घटना के त्वरित अनुसंधान एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 06 टीमों का गठन किया गया है जो अलग–अलग बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है तथा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रयासरत है।

- घटनास्थल पर वैज्ञानिक अनुसंधान हेतु एफ.एस.एल की टीम कैम्प कर रही हैं। श्वान दस्ता का भी सहयोग लिया जा रहा है आसपास के सी0सी0टी0वी0 फुटेज को भी देखा जा रहा है।

- मुजफ्फरपुर तथा आसपास के जिलों में अभियुक्तों के सभी संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। कांड के उद्भेदन हेतु गुप्त स्त्रोंतों से संपर्क किया जा रहा है। वैज्ञानिक तथा तकनीकी अनुसंधान से कतिपय संदिग्धों की पहचान की गयी है।

- घटना कारित होने में जमीन की खरीद–फरोख्त एवं पुरानी रंजिश का कारण होने की बात सामने आ रही है।

- कांड का उद्भेदन यथा–शीघ्र करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

xxxxxxxxxx